दिनांक : 28.12.2023

मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश, कानपुर चार्टेड एकाउण्टेन्ट्स सोसाइटी एवं रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 28 दिसम्बर, 2023 को सायं 04:30 बजे सर पदमपत सिंहानिया आडिटोरियम में वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर अपराध, शांति और संघर्ष प्रबंधन, साइबर मानहानि और बदमाशी, डेटा चोरी, वित्तीय मामलों की जांच संबंधित अन्य मुद्दे पर एक वार्ता का आयोजन किया गया।

वार्ता के आयोजन से पूर्व मर्चेन्ट्स चैम्बर की इन्फर्मेशन एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरमैन- अनिल के. सक्सेना ने उपस्तिथ सभी सदस्यों तथा आगंतुकों का स्वागत किया एवं सभी को मर्चेंट्स चैम्बर और कानपुर के इतिहास से अवगत कराया तथा बताया कि इस गोष्ठी से हम सब को बहुत कुछ नई जानकारियाँ मिलेंगी, जो स्वयं को तथा कारोबार को और आगे बढ़ाने में सहायक होगी।

श्री शरद शाह के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

वार्ता के मुख्य वक्ता श्री आनन्द कुमार, I.P.S., D.G. – C.I.D. ने वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर अपराध, शांति और संघर्ष प्रबंधन, साइबर मानहानि और बदमाशी, डेटा चोरी, वित्तीय मामलों की जांच संबंधित मुद्दे पर उपस्तिथ सभी सदस्यों तथा आगंतुकों को जानकारी दी।

इस दौरान विवेक रंजन रॉय ACP Cyber, लखनऊ ने पावर प्वांइट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से ATM क्लोनिंग से सुरक्षा एवं बचाव के उपाय के बारे में बताया जिसमें ATM में ज्यादा से ज्यादा Card Less (OTP युक्त) कैश Withdrawal / transaction करने के बारे में बताया गया। फोन कॉल फ्रॉड (Phishing) पर उन्होने फोन पर आए किसी भी OTP / SMS को किसी भी अनजान से साझा ना करने, किसी अज्ञात व्यक्ति की सलाह पर स्क्रीन शेयरिंग Apps जैसे एनीडेस्क, टीम व्यूअर, क्विक सपोर्ट (QS), आदि अपने मोबाइल / कम्प्यूटर में इंस्टाल ना करने की हिदायत दी गई। ऑनलाइन सामग्री बेचने व खरीदने सम्बन्धी अपराध पर बताया कि मान्यता प्राप्त ऑनलाइन साइट्स का ही प्रयोग करें, ऑनलाइन शॉपिंग करते समय कम्पनी (FlipKart/ Amazon/ Myntra आदि) के वैरीफाइड एप्प / बेबसाइट से ही शॉपिंग करें । Social Media Crime सोशल मीडिया साइट्स पर समय-समय पर अपना पासवर्ड बदलते रहें, अपने मो0नं0 व जन्मतिथि को अपना पासवर्ड ना बनायें । Fake News / Hate Speech / Videos को पोस्ट / लाइक/ शेयर करने से बचें। Computer/ e-mail Hacking/ Spoofing हमेशा अपडेटेड एंटीवायरस का प्रयोग करें। हमेशा डिफॉल्ट ब्राउजर का ही प्रयोग करें। UPI Fraud पैसे लेने के लिये QR कोड स्कैन करने से बचें। अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये पेमेंट रिक्वेस्ट/ ट्रान्जैक्शन लिंक पर अपना UPI पिन ना डालें। हनीट्रैप (Sextortion) सोशल मीडिया जैसे Facebook/ Instagram आदि पर अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट गहन विचारोपरांत स्वीकार करें। Social Media/ WhatsApp/ Messenger पर कामुक चैट एवं कामुक वीडियो Call से बचें। (आधार इनेबल्ड पेमेण्ट सिस्टम) फ्रॉड से बचने के लिये UIDAI (आधार) की वेबसाइट पर जाकर OTP द्वारा अपने बायोमैट्रिक को हमेशा लॉक रखें। समय समय पर अपना बैंक खाता चेक करते रहें। अपने बैंक खाते में रजिस्टर्ड नंबर को हमेशा एक्टिव रखने की सलाह दी गई।

वार्ता कार्यक्रम का संचालन अमित पाण्डेय ने किया।

इस दौरान उपस्तिथ सदस्यों ने श्री आनन्द कुमार, जी से साईबर क्राईम से जुड़ी समस्यों पर जानकारी चाही, जिस पर उन्होंने बताया कि सरकार ऐसे प्रावधान पर चर्चा कर रही है, जिस पीड़ित व्यक्ति का पैसा कटा है और जिसे पैसा प्राप्त हो रहा है, पहले प्राप्तकर्ता पीड़ित व्यक्ति को पैसा Crpc 457 के तहत वापस कर देगा, फिर ट्रायल चलता रहेगा। इस प्रावधान पर पुलिस, कोर्ट और वित्त विभाग इस पर विचार कर रहा है।

इस अवसर पर मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मुकुल टंडन, विजय पांडे, उमेश पाण्डेय, रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, एडवोकेट तथा वार्ता के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी. के. पाण्डेय एवं महेन्द्र मोदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गुरप्रीत सिंह भल्ला ने किया।